नित्तो समूह

# व्यवसाय संचालन दिशानिर्देश



विषयसूची


मुख्य कार्यकारी अधिकारी का संदेश …… पृष्ठ 02

I परिचय …… पृष्ठ 03

II नैतिक और कानूनी अनुपालन को व्यवहार में लाना …… पृष्ठ 07

III व्हिसलब्लोअर प्रणाली …… पृष्ठ 11

मूलभूत नीति
- 1-1 मूलभूत मानवाधिकारों का सम्मान …… पृष्ठ 13
- 1-2 नैतिकता और अनुपालन …… पृष्ठ 14
- 1-3 सार्वजनिक और निजी के बीच का अंतर …… पृष्ठ 15
- स्तंभ …… पृष्ठ 16

सुरक्षा और गुणवत्ता
- 2-1 कार्यस्थल सुरक्षा …… पृष्ठ 17
- 2-2 यावसायिक सुरक्षा और स्वास् …… पृष्ठ 18
- 2-3 राहक देखभाल …… पृष्ठ 19

रोजगार और श्रम
- 3-1 कर्मचारी देखभाल …… पृष्ठ 21
- 3-2 सुरक्षित और खुले कार्यस्थल बनाना …… पृष्ठ 23
- 3-3 आपूर्तिकर्ता देखभाल …… पृष्ठ 24

पर्यावरण और समाज
- 4-1 पर्यावरण देखभाल …… पृष्ठ 25
- 4-2 समाज के लिए योगदान …… पृष्ठ 27

कॉर्पोरेट संपत्ति और सूचना
- 5-1 दस्तावेज और डेटा नियंत्रण …… पृष्ठ 28
- 5-2 सूचना प्रबंधन और सुरक्षा …… पृष्ठ 29
- 5-3 कॉर्पोरेट संपत्ति का संरक्षण …… पृष्ठ 31
- 5-4 लेखांकन व्यवहार और कर कानूनों का अनुपालन …… पृष्ठ 32
- 5-5 बौद्धिक संपदा का प्रबंधन …… पृष्ठ 33

बाहरी पक्षों क साथ संबंध
- 6-1 रिश्वत विरोधी देखभाल …… पृष्ठ 34
- 6-2 प्रतिस्पर्धा देखभाल …… पृष्ठ 37
- 6-3 इष्टतम खरीद …… पृष्ठ 39
- 6-4 यापार और सुरक्षा …… पृष्ठ 40
- 6-5 जानकारी प्रकटीकरण …… पृष्ठ 41




# मुख्य कार्यकारी अधिकारी का संदेश

नित्तो समूह व्यवसाय संचालन दिशानिर्देश(इसके बाद "BCG" कहा जाएगा) का उद्देश्य एक आधार बनाना है, जो दुनिया भर में नित्तो समूह के लिए काम करने वाले सभी लोगों को उनकी व्यावसायिक गतिविधियों में कानूनों और विनियमों के अनुपालन में नैतिक रूप से कार्य करने के लिए मार्गदर्शन करेगा।

हाल ही में, व्यावसायिक संगठनों से अपेक्षा की जाती है कि वे न केवल कानूनी अनुपालन के संदर्भ में, बल्कि व्यावसायिक नैतिकता को लागू करने के मामलों में भी उच्च स्तर पर कार्रवाई करें। समाज की इन अपेक्षाओं का समाधान करने के लिए, नित्तो समूह में हममें से प्रत्येक को अपनी गतिविधियों में उचित कार्रवाई और अमल करना आवश्यक है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने में सहायता के लिए BCG में, हमने सरल भाषा के उपयोग की आवश्यकता को ध्यान में रखा है, जिसे विश्व के सभी पाठक आसानी से समझ सकें।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि नित्तो समूह एक ऐसा व्यावसायिक संगठन बना रहे, जिस पर समाज का भरोसा है, मैं एतद् द्वारा BCG का पालन कर, अन्यों के अनुसरण के लिए एक उदाहरण स्थापित करते हुए पहल करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता हूँ। मुझे आशा है कि आप सभी BCG को व्यवहार में लाने में मेरा साथ देंगे।



प्रतिनिधि निदेशक, अध्यक्ष
सीईओ सीओओ
हिदेओ ताकासाकी


# I परिचय

## 1 The Nitto Way और BCG के बीच संबंध

The Nitto Way और BCG का लक्ष्य नित्तो समूह के प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी (निदेशक, कार्यकारी अधिकारी, कर्मचारी, भेजे गए कर्मचारी, अंशकालिक कर्मचारी, अस्थायी कर्मचारी, आदि) हैं। इन दोनों के बीच संबंध यह है कि, The Nitto Way यह मूल्यों का एक समूह है, जो आचरण करने योग्य संहिता को परिभाषित करता है, और बीसीजी मूल्यों के समूह को व्यवहार मानकों से जोड़ता है

आज, सामाजिक नियमों में न केवल कानून और विनियम शामिल हैं, बल्कि समाज की मांगों पर हमारी प्रतिक्रियाएं भी इनमें अंतर्भूत हैं। नित्तो समूह इस बात का खुलासा करता है कि वह संधारणीयता नीति जैसे मूलभूत नीतियों के रूप में इन मांगों पर कैसे प्रतिक्रिया देता है। BCG विकसित करते समय, हमने इन मूलभूत नीतियों का ध्यान रखा है और उन्हें हम में से प्रत्येक के दैनिक व्यवहार में अंतर्भूत किया है।







## 2 BCG के उल्लंघन से निपटना

अपनी व्यावसायिक गतिविधियों के दौरान, हमें कई तरह की कानूनी और नैतिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जब आपको निर्णय लेने में कठिनाई हो, तब कृपया BCG का उपयोग करें। कोई भी कर्मचारी जो BCG का पालन करने में विफल पाया जाता है, उसके खिलाफ स्थानीय कानूनों और विनियमों, नित्तो समूह के नियमों या स्थानीय कॉर्पोरेट नियमों के आधार पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

नित्तो समूह का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी किसी अन्य अधिकारी, कर्मचारी, प्रतिनिधि, या व्यावसायिक भागीदार को ऐसा कोई भी कार्य करने का निर्देश नहीं देगा जो नैतिक या कानूनी अनुपालन का विरोध करता हो या किसी वास्तविक या संदिग्ध गैर-अनुपालन को सहन करता हो।








# II नैतिक और कानूनी अनुपालन को व्यवहार में लाना

## 1 यदि यह निर्धारित करना कठिन है

जब आपको अपनी व्यावसायिक गतिविधियों के दौरान की जाने वाली किसी भी कार्रवाई को निर्धारित करने में कठिनाई होती है,

**तो "नैतिकता और सत्यनिष्ठा चेकलिस्ट" (पृष्ठ 9) में लिखित आठ प्रश्न अपने आप से पूछें ताकि यह जांचा जा सके कि आपकी कार्रवाई उचित है या नहीं:**






## 2 परामर्श के लिए संवाद-माध्यम

यदि आपको कभी ऐसा कुछ दिखाई देता है जो BCG का खंडन करता है, या अनुपालन के बारे में आपके कोई प्रश्न है, तो कृपया आप अवश्य अपनी चिंताओं के बारे में नीचे सूचीबद्ध संबंधित व्यक्ति अथवा संवाद माध्यम को रिपोर्ट या परामर्श करें।

| संवाद माध्यम(किससे संपर्क करें) | चिंता / समस्या (उदाहरण) |
|---|---|
| आपके वरिष्ठ (यानी, आपके मैनेजर) | नित्तो समूह के भीतर दिन-प्रतिदिन कीव्यावसायिक गतिविधियाँ |
| किसी स्थान या समूह कंपनी में HR / GA | उत्पीड़न, मानवाधिकार/श्रम संबंधी मुद्दे आदि |
| कॉर्पोरेट क्षेत्र का उचित विभाग/अनुभाग | कानूनी और अनुपालन, सुरक्षा नियंत्रण, गुणवत्ता नियंत्रण, खरीद, डेटा प्रबंधन, बौद्धिक संपदा, लेखा / कराधान, निर्यात नियंत्रण, आदि। |

यदि उपरोक्त परामर्श ढांचे (आपके मैनेजर/संवाद माध्यम) का उपयोग करने पर भी समस्या का समाधान नहीं होता है तो

**कृपया व्हिसलब्लोअर प्रणाली का उपयोग करें।**





## यदि आप किसी चीज़ के बारे में अनिश्चित हैं, तो कृपया नीचे दी गई सूची देखें।

### नैतिकता और सत्यनिष्ठा चेकलिस्

- [ ] या मेरा आचरण किसी के मानवाधिकारों का उल्लंघन करता है?
- [ ] क्या मेरा आचरण किसी कानून या विनियम का विरोध करता है?
- [ ] क्या मेरा आचरण कंपनी की तुलना में मेरे व्यक्तिगत हितों को प्राथमिकता देता है?
- [ ] या मेरा आचरण नित्तो समूह के कॉर्पोरेट तत्त्वज्ञान के अनुरूप है?
- [ ] मेरे आचरण को हमारे ग्राहक और अन्य व्यावसायिक भागीदार किस तरह से देखेंगे?
- [ ] मुझे कैसा लगेगा अगर मैं किसी समाचार पत्र में मेरे जैसे आचरण के बारे में एक समाचार देखूं या सुनूं।
- [ ] इस तरह के आचरण के बाद मुझे कैसा लगेगा?
- [ ] क्या मैं परिवार या दोस्तों को इस तरह के आचरण के बारे में पूरे विश्वास के साथ समझा सकता हूँ?

यदि आपको विश्वास के साथ इस चेकलिस्ट का उत्तर देना मुश्किल लगता है, तो अपने आसपास के किसी व्यक्ति जैसे कि आपके वरिष्ठों और सहकर्मियों के साथ प्रश्नों पर काम करें। परामर्श के लिए कृपया नित्तो समूह में मौजूद विभिन्न संवाद माध्यमों से संपर्क करें। (पृष्ठ 8, 11-12 देखें)

# III व्हिसलब्लोअर प्रणाली

नित्तो समूह की **व्हिसलब्लोअर हॉटलाइन्स** निम्नानुसार हैं।

**नित्तो समूह के भीतर**

**कंपनी के बाहर**

संपर्क जानकारी के लिए अपने क्षेत्र की कम्पास वेबसाइट या अपने कार्यस्थल के भीतर आंतरिक नोटिस देखें। आप गुमनाम रूप से अपनी चिंता की रिपोर्ट कर सकते हैं।

## हिसलब्लोअर प्रणाली के अंतर्गत रिपोर्ट के उदाहरण


- लोगों के जीवन, स्वास्थ्य या सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण खतरे
- असामाजिक ताकतों के साथ भागीदारी, संगठित अपराध, मनी लॉन्ड्रिंग, आतंकवाद को फंडिंग, या अन्य अवैध गतिविधियां
- रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार और आपसी साँठ - गाँठ
- भेदिया व्यापार जो कंपनी की जानकारी, या हितों के टकराव का अनुचित तरीके से उपयोग करके व्यक्तिगत लाभ प्राप्त करने के इरादे से किया जाता है
- राहकों का अत्यधिक मनोरंजन
- गुणवत्ता/सूचना प्रबंधन से संबंधित बेईमानी (गुणवत्ता डेटा का मिथ्याकरण, डेटा तक अनुचित पहुंच, आदि सहित)
- अन्य कानूनों, विनियमों, या नैतिकता का उल्लंघन, अथवा सार्वजनिक हित का उल्लंघन





| | |
|---|---|
| क्या रिपोर्ट नहीं किया जाना चाहिए | किसी के प्रदर्शन मूल्यांकन या व्यवहार के प्रति बेईमानी या असंतोष का प्रदर्शन, दुर्भावनापूर्ण इरादे से दूसरों की निंदा करना या अफवाहें फैलाना, या व्यक्ति को बदनाम करने के लिए किसी के बारे में झूठ फैलाना, आदि। |



1 रिपोर्ट की सामग्री के संबंध में; अगर कंपनी का मानना है कि घटना नैतिक या कानूनी अनुपालन का उल्लंघन है, तो कंपनी तथ्यों पता लगाने के लिए जांच शुरू करेगी। अधिकारियों और कर्मचारियों को शुरू की गई किसी भी जांच में सहयोग करना होगा।



2 नित्तो समूह वादा करता है कि, वह व्हिसलब्लोअर की गोपनीयता की रक्षा करेगा, व्हिसलब्लोअर का नाम गोपनीय रखेगा, और व्हिसलब्लोअर के दावों की सामग्री को किसी से भी साझा नहीं करेगा, सिवाय उनके जिन्हें जांच करने के उद्देश्य से जानकारी की आवश्यकता है। इसके अलावा, मामले की रिपोर्ट करने के कारण व्हिसलब्लोअर की बर्खास्तगी या अन्य नुकसान को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। आप व्हिसलब्लोअर हॉटलाइन का भयमुक्त और सुरक्षित रूप से उपयोग कर सकते हैं।



मूलभूत नीति 1-1

# मूलभूत मानवाधिकारों का सम्मान


निप्पो समूह "मानवाधिकारों पर मूलभूत नीति" के आधार पर मानवाधिकारों का सम्मान करता है।

1 हम मानवाधिकारों और विविधता का सम्मान करते हैं।

2 हम नस्ल, जातीयता, रंग, धार्मिक विश्वास, लिंग, लैंगिक पहचान या अभिव्यक्ति, यौन अभिविन्यास, राष्ट्रीयता और वंश, मानसिक या शारीरिक अक्षमता, आयु, स्वास्थ्य स्थिति, वैवाहिक इतिहास, या किसी अन्य कारण के आधार पर भेदभाव नहीं करते हैं।

3 जब भी हमें मानवाधिकारों के हनन, जैसे मानव तस्करी, बंधुआ मजदूरी, जबरन मजदूरी, गुलामी श्रम, या बाल श्रम आदि के बारे में पता चलता है, चाहे वह निप्पो समूह के भीतर हो या ग्राहकों अथवा आपूर्तिकर्ताओं के बीच हो, हम तुरंत अपने वरिष्ठ अधिकारियों या विभाग प्रभारी को इसकी सूचना देते हैं।

4 हम संघ की स्वतंत्रता, संगठित होने के अधिकार, सामूहिक सौदेबाजी के अधिकार और श्रमिकों के अन्य मूलभूत अधिकारों का सम्मान करते हैं।





मूलभूत नीति 1-2


# नैतिकता और अनुपालन

निप्पो समूह कानूनों, विनियमों और कॉर्पोरेट नियमों का पालन करेगा तथा नैतिकता और ईमानदारी से कार्य करेगा।

1 हम हमारे कॉर्पोरेट नियमों के साथ ही उन देशों और क्षेत्रों के कानूनों तथा विनियमों का पालन करेंगे जिनसे हमारा व्यवसाय संबंधित है।

2 हम पूरे निप्पो समूह को कॉर्पोरेट नियमों के बारे में सूचित करेंगे जिनकी निगरानी हमारे अपने विभाग द्वारा की जाती है। जब कानूनों या विनियमों में परिवर्तन होते हैं या जब व्यवसाय/संगठन का पुनर्मूल्यांकन होता है, तो हम समयबद्ध तरीके से कॉर्पोरेट नियमों का अद्यतन करेंगे।

3 जब भी हमें कानूनों, विनियमों या कॉर्पोरेट नियमों के आधार पर निर्णय लेने में कठिनाई होती है, तो हम तुरंत अपने वरिष्ठ अधिकारियों या विभाग प्रभारी को रिपोर्ट करेंगे।



* "कॉर्पोरेट नियम" का अर्थ उनसे है, जिन्हें नीतियां, विनियम, नियम, दिशानिर्देश, नियमावली, प्रक्रियाएं और मानक कहा जाता है। चूंकि इन्हें समूह की कंपनी या विभाग के आधार पर अलग-अलग तरीके से जाना जाता है, कृपया पहले से ही आप पर लागू होने वाले नियमों की पुष्टि करें।

मूलभूत नीति 1-3

# सार्वजनिक और निजी के बीच का अंतर

व्यक्तिगत लाभ हासिल करने के लिए
कंपनी में किसी कर्मचारी के पद का उपयोग नित्तो समूह बर्दाश्त नहीं करेगा।

1 जिसे कोई रिश्तेदार या मित्र चलाता है या वहां काम करता है, या किसी रिश्तेदार या मित्र को वहां नियुक्त किया गया है, ऐसे किसी ग्राहक या आपूर्तिकर्ता के साथ व्यावसायिक संबंध बनाने से पहले, हम अपने वरिष्ठों से परामर्श करेंगे और भागीदारी की उपयुक्तता और दायरे के बारे में अनुमोदन प्राप्त करेंगे।

2 हम व्याख्यान या अन्य सेवाओं के बदले में बाहरी स्रोतों से व्यक्तिगत रूप से मुआवजा प्राप्त करने से पहले, या व्यवसाय से संबंधित किसी अन्य संस्था या संगठन के अधिकारी या कर्मचारी के रूप में सेवा प्रदान करने से पहले अग्रिम अनुमोदन प्राप्त करेंगे।


3 धार्मिक या राजनीतिक गतिविधियों के लिए आग्रह करना, या उपहार देने का अनुरोध करना, या कार्यस्थल पर व्यक्तियों के बीच बड़ी मात्रा में धन उधार देना और उधार लेना, ऐसी कृतियों में हम संलग्न नहीं होंगे।

4 हम व्यक्तिगत उद्देश्यों के लिए कार्यालय की सामग्री और खर्चों सहित कॉर्पोरेट संपत्ति का उपयोग नहीं करेंगे। हम अत्यधिक निजी बातचीत या व्यक्तिगत टेलीफोन कॉल में शामिल नहीं होंगे, या व्यावसायिक गतिविधियों से असंबंधित उद्देश्यों के लिए PC या ईमेल का उपयोग नहीं करेंगे।

5 हम भेदिया व्यापार में या स्टॉक के किसी अन्य संदिग्ध ट्रेडिंग में संलग्न नहीं होंगे।



स्तंभ




नित्तो समूह व्यवसाय संचालन दिशानिर्देशों में छह प्रमुख अध्याय शामिल हैं जिनका सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी स्थिति, नौकरी की श्रेणी या नौकरी के प्रकार की परवाह किए बिना पालन करना चाहिए।विशेष रूप से,
"मूलभूत नीति" नित्तो समूह के लिए आचरण का सबसे आधारभूत और महत्वपूर्ण मानक है। अन्य पांच अध्यायों में ऐसे विषय भी शामिल हो सकते हैं जो सीधे आपके काम से संबंधित नहीं हैं। हालाँकि, नित्तो समूह आपसे अनुरोध करता है कि आप व्यवहार के एक मानक के रूप में उनका पालन करें जब आप ऐसी परिस्थितियों का सामना करते हैं जिनमें आपके स्वयं के कृति की आवश्यकता होती है।

# कार्यस्थल सुरक्षा

"व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य पर मूलभूत नीति" के आधार पर और "सुरक्षा को बाकी सब से पहले रखना" इस विश्वास के तहत, नित्तो समूह का उद्देश्य कार्यस्थल पर दुर्घटनाओं और चोटों की संख्या को शून्य तक कम करना है।

1. हम सुरक्षा नियंत्रण से संबंधित कानूनों और विनियमों तथा कॉर्पोरेट नियमों का पालन करेंगे।
2. हम सुरक्षा जोखिमों के लिए अपने कार्यस्थल का निरीक्षण करेंगे और पहचान किए गए किसी भी जोखिम(जोखिमों) को कम करने के लिए काम करेंगे।
3. यदि कोई दुर्घटना/चोट होती है, या हमें किसी सुरक्षा जोखिम के बारे में पता चलता है, तो हम इसकी सूचना अपने वरिष्ठ अधिकारियों और विभाग के प्रभारी को देंगे।








# व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य

"व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य पर मूलभूत नीति" के आधार पर, नित्तो समूह एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल का निर्माण करेगा जिसमें हर कोई सुरक्षित महसूस कर सके।

1. हम औद्योगिक सुरक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित कानूनों और विनियमों तथा कॉर्पोरेट नियमों का पालन करेंगे।
2. हम अपने मानसिक स्वास्थ्य सहित अपने स्वास्थ्य का निरंतर ध्यान रखेंगे और सहकर्मियों के स्वास्थ्य को महत्त्व देंगे। हम दूसरों पर जरूरत से ज्यादा काम करने के लिए दबाव नहीं डालेंगे और न ही ओवरटाइम काम करने के लिए दबाव डालेंगे।
3. हम शराब का सेवन नहीं करेंगे, जो कार्यस्थल की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करते हैं ऐसे अवैध ड्रग्स / प्रतिबंधित पदार्थ नहीं रखेंगे या उनका उपयोग नहीं करेंगे।



सुरक्षा और गुणवत्ता 2 - 3

# राहक देखभाल


"गुणवत्ता पर मूलभूत नीति" के आधार पर, नित्तो समूह ऐसे उत्पाद और सेवाए प्रदान करेगा जो अपने ग्राहकों को मानसिक शांति, सुरक्षा और संतुष्टि प्रदान कर सकते हैं।

1. हम उत्पादों / सेवाओं के गुणवत्ता मानकों से संबंधित कानूनों, विनियमों और कॉर्पोरेट नियमों का पालन करेंगे, साथ ही साथ हमारे ग्राहकों से वादा किए गए मामलों का भी पालन करेंगे।

2. उत्पादों / सेवाओं के विकास से लेकर बाजार में उनके विमोचन तक हर स्तर पर, हम गुणवत्ता नियंत्रण और उत्पाद प्रलेखन में किसी भी कमी की जांच करेंगे और उसे दुरुस्त करेंगे।

3. यदि हमें गुणवत्ता नियंत्रण के संबंध में कोई दुर्घटना या समस्या या उसके संकेत मिलते हैं, या यदि हमें गुणवत्ता नियंत्रण से संबंधित कोई संदेह होता है, तो हम तुरंत अपने वरिष्ठ अधिकारियों या विभाग के प्रभारी को इसकी सूचना देंगे।


4. पूरी प्रक्रिया के दौरान, उत्पाद विकास के चरण से लेकर निर्माण, निरीक्षण और शिपिंग चरणों तक, हम गुणवत्ता नियंत्रण डेटा के मिथ्याकरण, परिवर्तन या विलोपन में संलग्न नहीं होंगे।






## विषय

हमारे ग्राहकों को सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करने के लिए, कृपया निम्नलिखित मामलों पर ध्यान दें:



उत्पादों और सेवाओं के विवरण और विशेषताओं को ग्राहकों को सटीक रूप से सूचित किया जाना चाहिए। इस तरह के विवरण और विशेषताओं का समर्थन करने वाले विभिन्न डेटा और दस्तावेजों का उचित रूप से प्रबंधन किया जाना चाहिए।



विनिर्माण विधियों और / या सामग्री जैसे विवरण जो हमने ग्राहकों को देने का वादा किया था, उनकी सहमति के बिना नहीं बदला जाना चाहिए, भले ही आपको लगे कि "यह ग्राहक के लिए लाभकारी है।"



यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि किसी भी गुणवत्ता निरीक्षण रिकॉर्ड, उत्पाद प्रदर्शन डेटा और इसी तरह के मिथ्याकरण, परिवर्तन, या हटाने को रोकने के लिए उपाय किए गए थे।


# कर्मचारी देखभाल

"मानव संसाधन प्रबंधन पर मूलभूत नीति" के आधार पर, नित्तो समूह ऐसे कार्यस्थलो का निर्माण करेगा जिसमें प्रत्येक कर्मचारी एक निष्पक्ष मूल्यांकन प्राप्त कर सकता है और स्वस्थ तरीके से काम कर सकता है।

1. हम श्रम कानूनों, रोजगार अनुबंधों और कार्य नियमों का पालन करेंगे।

2. हम मानव तस्करी, बंधुआ मजदूरी, जबरन मजदूरी, गुलामी श्रम, या बाल श्रम से जुड़े श्रमिकों का उपयोग नहीं करेंगे।

3. हम ऐसे आचरण में शामिल नहीं होंगे जो हमारे सहकर्मियों की गरिमा को नुकसान पहुंचाए, जैसे कि अमानवीय कार्य, उत्पीड़न, या अनुचित व्यवहार जो उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन करता है।





## विषय

हाल के वर्षों में, न केवल हमारे ग्राहकों बल्कि सभी हितधारकों ने कार्यस्थलों और आपूर्ति श्रृंखलाओं में मानवाधिकारों के मुद्दों में बढ़ती रुचि व्यक्त की है। विशेष रूप से, कंपनियों से जबरन मजदूरी, मानव तस्करी से जुड़े श्रमिक, बंधुआ मजदूरी, गुलामी श्रम, या बाल श्रम को सक्रिय रूप से रोकने की अपेक्षा की जाती है। काम पर रखते समय, उम्मीदवारों को काम करने की स्थिति और अन्य आवश्यक जानकारी समझाना आवश्यक है।


| | |
|---|---|
| जबरन मज़दूरी | जबरन मज़दूरी का अर्थ है हिंसा, धमकियों, ऋण बंधन, और अन्य साधनों के माध्यम से श्रमिकों को उनकी इच्छा के विरुद्ध काम करने के लिए मजबूर करना, जो उनकी मानसिक या शारीरिक स्वतंत्रता को अनुचित रूप से बाधित करते हैं, और उनसे इस प्रकार के कार्य करवाना जिसे करने के लिए वे पहले से सहमत नहीं थे। ग्राहक अत्यधिक ओवरटाइम काम (ओवरटाइम जो कानूनी सीमा या श्रम समझौतों के दायरे से बाहर है) को जबरन मज़दूरी का रूप मान सकते हैं। |
| मानव तस्करी से जुड़े श्रम | ये ऐसे मामले हैं जहां श्रमिकों को हिंसा, धमकी, अपहरण, धोखाधड़ी, या उनकी निम्न स्थिति के शोषण (अत्यधिक भर्ती शुल्क के पुनर्भुगतान की आवश्यकता सहित) के परिणामस्वरूप दूसरों द्वारा नियंत्रित परिस्थितियों में काम करने के लिए मजबूर किया जाता है। |
| गुलाम मजदूर | ये ऐसे मामले हैं जहां श्रमिकों को उनके पहचान प्रमाण पत्र को छीनकर काम करने के लिए मजबूर किया जाता है, या बिना उचित कारण के उनके आवागमन को प्रतिबंधित कर दिया जाता है, या अन्यथा उनकी स्वतंत्रता छीन ली जाती है, या उन्हें ऐसी परिस्थितियों में काम करने के लिए मजबूर किया जाता है जो दूसरों द्वारा नियंत्रित होती हैं। इसमें ऐसी स्थितियाँ शामिल हैं जिनमें नियोक्ता द्वारा उनके वेतन का एक हिस्सा या पूरा वेतन जबरन रोक दिया जाता है या जमा कर लिया जाता है, साथ ही ऐसी स्थितियाँ भी शामिल हैं जहाँ उचित मजदूरी का भुगतान नहीं किया जाता। |
| बाल श्रम | यह उन मामलों को संदर्भित करता है जहां एक नाबालिग को काम करने के लिए मजबूर किया जाता है और अनिवार्य शिक्षा प्राप्त करने से रोका जाता है; या 18 वर्ष से कम उम्र के लोगों को खतरनाक या जहरीले कार्य वातावरण में काम करने के लिए मजबूर किया जाता है। |

# सुरक्षित और खुले कार्यस्थल बनाना

"मानव संसाधन प्रबंधन पर मूलभूत नीति" के आधार पर, नित्तो समूह ऐस कार्यस्थलों का निर्माण करेगा जिसमें कर्मचारी एक-दूसरे का सम्मान और मदद कर सकें।

1. हम कार्यस्थल के भीतर संवाद को बढ़ावा देकर सुचारू व्यवसाय संचालन प्रदान करने का प्रयास करते हैं।

2. हम ऐसे कार्यस्थल बनाने का प्रयास करते हैं जहां हम प्रत्येक कर्मचारी के विविध मूल्यों को स्वीकार करते हुए और विभिन्न दृष्टिकोणों और सोचने के तरीकों का सम्मान करते हुए अपनी पूरी क्षमता का अनुभव कर सकें।







# आपूर्तिकर्ता देखभाल

नित्तो समूह ऐसे वातावरण में उत्पादित और वितरित सामग्री की खरीद करता है जहां "खरीद पर मूलभूत नीति" के अनुसार श्रमिकों के मानवाधिकारों का सम्मान किया जाता हो, और काम के माहौल की सुरक्षा को ध्यान में रखी जाती हो। हम आपूर्तिकर्ताओं से उम्मीद करते हैं कि वे "आपूर्तिकर्ताओं की आचार संहिता" को व्यवहार में लाएं।

1. हम चाहते हैं कि आपूर्तिकर्ता श्रमिकों के मानवाधिकारों का सम्मान करें, सुरक्षित काम करने की स्थिति बनाए रखें, श्रमिकों को श्रम कानूनों के अनुसार नियोजित करें, और विदेशी श्रमिकों के प्रति समझ और सम्मान दिखाएं, जैसा कि "आपूर्तिकर्ताओं की आचार संहिता" में परिभाषित किया गया है।

2. हम अनुरोध करते हैं कि आपूर्तिकर्ताओं के अलावा हमारे व्यावसायिक भागीदार आवश्यक होने पर "आपूर्तिकर्ताओं की आचार संहिता" के प्रावधानों को समझें और उनका सम्मान करें।

### विषय

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, हम उन व्यावसायिक संगठनों के प्रति आलोचना के बढ़ते स्तर को देखते हैं जो जबरन श्रम, बाल श्रम आदि का उपयोग करके उत्पादित उत्पादों और सेवाओं को खरीदते हैं। न केवल सभी समूह कंपनियां, बल्कि हमारे आपूर्तिकर्ताओं को भी जबरन मजदूरी, मानव तस्करी से जुड़े श्रम, बंधुआ मजदूरी, गुलामी श्रम और बाल श्रम का उपयोग करना प्रतिबंधित है। आपूर्तिकर्ताओं को प्रस्तुत देशों या क्षेत्रों में काम के घंटों और मजदूरी के प्रबंधन से संबंधित कानूनों और विनियमों का पालन करना और व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य के उपायों को लागू करना आवश्यक है।
ये अनुरोध न केवल आपूर्तिकर्ताओं के लिए, बल्कि अन्य व्यावसायिक भागीदारों के लिए भी संभव सीमा तक किए जाने चाहिए।

पर्यावरण और समाज 4-1

# पर्यावरण देखभाल

निप्पो समूह "पर्यावरण पर मूलभूत नीति" के अनुसार अपने पर्यावरणीय प्रभाव को कम करके एक संधारणीय समाज के विकास में योगदान देता है।

1 हम पर्यावरण से संबंधित कानूनों और विनियमों तथा कॉर्पोरेट नियमों का पालन करेंगे, इस प्रकार हमारे पर्यावरणीय प्रभाव को कम करेंगे।

2 हम कचरा, उत्सर्जन और जल निकासी प्रबंधन से संबंधित कॉर्पोरेट नियमों का पालन करेंगे और पर्यावरण व पारिस्थितिक तंत्र पर पड़ने वाले हमारे प्रभाव को कम करेंगे।

3 हम ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन की मात्रा को कम करने के लिए ऊर्जा संरक्षण और बिजली व ईंधन के कुशल उपयोग के सापेक्ष अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में काम करेंगे।

4 हम जल के संरक्षण और पुन: उपयोग और जल संसाधनों की रक्षा से संबंधित अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में प्रयास करेंगे।


5 हम आपूर्तिकर्ताओं से "आपूर्तिकर्ताओं की आचार संहिता" के अनुसार पर्यावरणीय नियमों का पालन करने और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने की अपेक्षा करते हैं।



विषय

पर्यावरण से संबंधित कानून और विनियम बहुत जटिल हैं, लेकिन सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे उन कानूनों और विनियमों को समझें जो उनके अपने व्यवसाय क्षेत्र पर लागू होते हैं।
यदि आप ऐसे कार्यों में संलग्न हैं जो पर्यावरणीय अपशिष्ट या उत्सर्जन उत्पन्न करते हैं, या ऐसे अपशिष्ट और उत्सर्जन को मापने, रिकॉर्ड करने और रिपोर्ट करने के प्रभारी हैं, तो आपको लागू पर्यावरणीय नियमों का पालन करना चाहिए, उचित परमिट और लाइसेंस प्राप्त करना और बनाए रखना चाहिए।

अधिकारियों या ग्राहकों को रिपोर्ट करते समय, आपको सभी आवश्यक मामलों को शामिल करते हुए सटीक और संपूर्ण तरीके से रिपोर्टिंग करनी चाहिए।
निप्पो समूह पर्यावरण नियमों का पालन करने वाले उत्पादों का उत्पादन करने के लिए हरित खरीद का प्रयोग करता है, जैसे कि रासायनिक पदार्थ युक्त वस्तुएं। इसके अलावा, हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से पर्यावरणीय नियमों का पालन करने और "आपूर्तिकर्ताओं की आचार संहिता" में निर्धारित पर्यावरण पर प्रभाव को कम करने के लिए कहते हैं।
जब आपको लगता है कि पर्यावरण कानूनों और विनियमों का उल्लंघन किया गया है, या यदि आप इस तरह के अवैध आचरण को छिपाने के किसी भी प्रयास को देखते हैं, तो कृपया अपने वरिष्ठ अधिकारियों या संवाद माध्यमों में से किसी से संपर्क करें।



पर्यावरण और समाज 4-2

# समाज के लिए योगदान

निततो समूह अपने व्यवसाय के माध्यम से समाज में योगदान देता है
और इस प्रकार समुदायों के साथ अपने सह-अस्तित्व को बढ़ावा देता है।

1 हम स्थानीय समुदायों और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर काम करते हैं ताकि वे उन मुद्दों से निपट सकें जिनका वे सामना करते हैं और हम उत्पादों और सेवाओं के प्रावधान सहित हमारी व्यावसायिक गतिविधियों के माध्यम से समाज की उन्नति में योगदान करते हैं।

2 जब भी हम दान करते हैं, तब हम प्राप्तकर्ता की विशेषताओं की जांच करते हैं, और कानूनों और विनियमों तथा दान से संबंधित कॉर्पोरेट नियमों का पालन करते हैं।

3 हम असामाजिक ताकतों, संगठित अपराधों, मनी लॉन्ड्रिंग, आतंकवाद को फंडिंग या अन्य अवैध गतिविधियों में किसी भी तरह से संलग्न नहीं होंगे।

4 यदि कोई आपदा, महामारी या इसी तरह की घटना होती है, तो हम, एक समुदाय के सदस्य के रूप में, समुदाय के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर राहत और पुनर्निर्माण के प्रयासों पर काम करेंगे।





पोरेट संपत्ति और सूचना 5-1

# दस्तावेज और डेटा नियंत्रण

निततो समूह सभी दस्तावेजों और डेटा का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करता है।

1 हम ऐसा कोई दस्तावेज़ नहीं बनाएंगे या प्राप्त नहीं करेंगे जिससे बाहरी रूप से गलतफहमी हो सकती है। इसके अलावा, हम अनुपयुक्त माध्यमों से जानकारी प्राप्त नहीं करेंगे।

2 हम कॉर्पोरेट नियमों के तहत आवश्यक समय की अवधि के लिए अपनी व्यावसायिक गतिविधियों के दौरान बनाए गए और प्राप्त किए गए सभी दस्तावेजों और डेटा को उचित रूप से सुरक्षित रखेंगे।

3 यदि कानूनों या नैतिकता से संबंधित कोई समस्या उत्पन्न होती है, तो हम अपने निर्णय के तहत दस्तावेजों का निपटान नहीं करेंगे या डेटा को नहीं मिटाएंगे।

4 हम निर्णय लेने की प्रक्रिया के साथ-साथ निर्णय तक पहुँचने की प्रक्रिया का दस्तावेजीकरण करेंगे और ऐसे दस्तावेजों का उचित प्रबंधन करेंगे।



पोर्टेट संपत्ति और सूचना 5-2

# सूचना प्रबंधन और सुरक्षा


"सूचना सुरक्षा पर मूलभूत नीति" के आधार पर, नित्तो समूह सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

1. हम "8 सूचना सुरक्षा पर नियम" का पालन करेंगे।

2. हम हमेशा सूचना सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दिन-प्रतिदिन का कार्य करेंगे। यदि कोई सुरक्षा घटना घटित होती है, या चल रही अथवा पहले से ही हो चुकी घटना की संदिग्ध खोज होती है, तो हम तुरंत अपने वरिष्ठ अधिकारियों या विभाग के प्रभारी को रिपोर्ट करेंगे।

3. व्यक्तिगत जानकारी को इसके उपयोग के उद्देश्य के दायरे में उचित तरीके से प्रबंधित किया जाएगा।

4. नित्तो समूह से इस्तीफा देने पर, हम नित्तो समूह के स्वामित्व की जानकारी वाले सभी दस्तावेज़ और डेटा वापस कर देंगे।



मुख्यशब्द

## 8 सूचना सुरक्षा पर नियम

### 1. गोपनीयता बनाए रखने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों के दायित्
गोपनीयता वर्गीकरण को सूचित करें और निर्माण या अधिग्रहण से लेकर निपटान तक प्रक्रियाओं का प्रबंधन करें

### 2. सूचना उपकरणों का उपयोग
कंपनी द्वारा सुरक्षा उपायों के साथ आपूर्ति किए गए उपकरणों का उपयोग करें

### 3. बाहरी स्टोरेज मीडिया का उपयोग
एन्क्रिप्टेड USB का प्रयोग करें; सूचना का उल्लंघन और वायरस के संक्रमण से सावधान रहें

### 4. खाता उपयोग
अनधिकृत पहुंच को रोकने के लिए जटिल पासवर्ड का प्रयोग करें

### 5. नेटवर्क उपयोग
कभी भी अपने निजी डिवाइस को कंपनी नेटवर्क से कनेक्ट न करें;
गैर-व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए कभी भी इंटरनेट का उपयोग न करें

### 6. ई-मेल का उपयोग
गोपनीय जानकारी एन्क्रिप्ट करें; कभी भी संदिग्ध ईमेल न खोलें; गलत प्राप्तकर्ताओं को ईमेल भेजे जाने की रोकथाम के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतें

### 7. एंटी-वायरस
सुनिश्चित करें कि आपका एंटी-वायरस सॉफ़्टवेयर नवीनतम संस्करण में अपडेट किया गया है

### 8. सुरक्षा घटना प्रतिक्रिया
किसी भी घटना की तुरंत सूचना दें


# कॉर्पोरेट संपत्ति का संरक्षण

निसो समूह सभी मूर्त और अमूर्त कॉर्पोरेट संपत्तियों का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करता है।

1. संपत्तियों का अधिग्रहण या निपटान करते समय,
हम कॉर्पोरेट नियमों का पालन करेंगे और आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करेंगे।

2. हम प्रत्येक प्रकार की कॉर्पोरेट संपत्तियों के संबंध में कॉर्पोरेट नियमों का पालन करते हैं,
और सभी मूर्त और अमूर्त कॉर्पोरेट संपत्तियों का उचित प्रबंधन करते हैं।

3. हम स्वीकार करते हैं कि कंपनी और उसके ब्रांड पर रखा गया विश्वास महत्वपूर्ण अमूर्त
कॉर्पोरेट संपत्ति है। हम ऐसे शब्दों या कार्यों में शामिल नहीं होंगे जो उन्हें नुकसान पहुंचा सकते हैं।







# लेखांकन व्यवहार और कर कानूनों का अनुपालन

निसो समूह सभी संबंधित देशों के लेखांकन सिद्धांतों और
मानकों तथा कर कानूनों का पालन करते हुए लेखांकन और कर व्यवहार करेगा।

1. हम लेखांकन व्यवहार से संबंधित कानूनों और विनियमों तथा कॉर्पोरेट नियमों का पालन करेंगे।

2. उचित दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर, हम सही लेखांकन और कर व्यवहार करेंगे।

3. समूह कंपनियों के बीच हमारे व्यवहार के संबंध में,
हम उचित दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर उचित लेखांकन और कर
व्यवहार करेंगे जो लेनदेन की कीमतों आदि की तर्कसंगतता का
समर्थन करते हैं। जब हमें समूह की कंपनियों के बीच लेन-देन
के संबंध में कोई संदेह होगा, तो हम अपने वरिष्ठ
अधिकारियों या विभाग के प्रभारी से संपर्क करेंगे।




# बौद्धिक संपदा का प्रबंधन

**निट्टो समूह बौद्धिक संपदा के महत्व को समझता ह और हमारे अधिकारों के साथ-साथ दूसरों का भी सम्मान करता है।**

1. हम आविष्कारों का, तकनीकी जानकारी का और स्वामित्व की तकनीकी जानकारी का उचित रूप से प्रबंधन करते हैं। विशेष रूप से, जब भी किसी तकनीकी पेपर को कंपनी के बाहर प्रस्तुत और जारी किया जाना होता है, तो हम यह सुनिश्चित करते हैं कि इसमें ऐसी कोई तकनीकी जानकारी न हो जो सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध नहीं है।

2. हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हम दूसरों के बौद्धिक संपदा अधिकारों का उल्लंघन न करें।








# रिश्वत विरोधी देखभाल

**निट्टो समूह रिश्वतखोरी, बेईमानी से लाभ देने या प्राप्त करने पर रोक लगाकर समाज का विश्वास सुरक्षित करता है।**

1. हम उन कानूनों और विनियमों तथा कॉर्पोरेट नियमों का पालन करेंगे जो रिश्वतखोरी को प्रतिबंधित करते हैं। साथ ही, हम किसी भी ऐसे कार्य में शामिल नहीं होंगे जिसमें रिश्वतखोरी का संदेह हो।

2. हम सुविधा सेवा भुगतान की किसी भी मांग का जवाब नहीं देंगे (प्रशासनिक प्रक्रिया में तेजी लाने के इरादे से किए गए छोटे भुगतान)।

3. हम अपने ग्राहकों के साथ स्वस्थ संबंध बनाए रखेंगे और गलत तरीके से प्राप्त लाभ प्रदान नहीं करेंगे। साथ ही, हम मनोरंजन, उपहार, यात्रा की लागत, दान या अन्य लाभ प्रदान नहीं करेंगे जिन्हें रिश्वत के रूप में माना जा सकता है।

4. हम आपूर्तिकर्ता से किसी भी गलत तरीके से प्राप्त लाभ स्वीकार या उसकी मांग नहीं करेंगे। इसके अलावा, हम मनोरंजन, उपहार, यात्रा की लागत, या अन्य लाभों को स्वीकार नहीं करेंगे जिन्हें रिश्वत के रूप में माना जा सकता है।

## विषय

जैसे-जैसे व्यापार व्यवहार अधिक वैश्वीकृत हो जाते हैं और देशों के बीच व्यावसायिक प्रथाओं या कानूनी प्रणालियों में अंतर के परिणामस्वरूप, हम देखते हैं कि अधिकारियों, कर्मचारियों, या कंपनियों के अप्रत्याशित रूप से अपराध करने का संदेह बढ़ रहा है, और इस तरह उन पर भारी जुर्माना और दंड लगाया जा रहा है। इसलिए, विशेष रूप से विदेशों में व्यापारिक सौदे करते समय सावधानी बरतना आवश्यक है, ताकि इसमें शामिल किसी भी देश के कानूनों का उल्लंघन न हो।

कई देश अपने रिश्वत विरोधी कानूनों को मजबूत कर रहे हैं। इस तरह के कानून राजनेताओं और सरकारी अधिकारियों की रिश्वतखोरी पर रोक लगाते हैं। हालांकि, एक "सरकारी अधिकारी" की परिभाषा का विस्तार किया जा रहा है ताकि एक सार्वजनिक विश्वविद्यालय से संबद्ध अस्पतालों में काम करने वाले कर्मचारियों और सरकार से धन प्राप्त करनेवाले निगम के अधिकारियों को इनमें शामिल किया जा सके। कुछ देशों में, न केवल सार्वजनिक संस्थानों में काम करने वालों के लिए, बल्कि निजी उद्यमों में काम करने वालों के लिए भी रिश्वतखोरी मना है। कुछ मामलों में, व्यावसायिक गतिविधियों के लिए पुरस्कार के रूप में छूट को भी रिश्वत मानकर मना किया जाता है। इनमें से किसी का भी उल्लंघन करने पर, व्यक्तियों को कारावास और/या जुर्माने का सामना करना पड़ सकता है, जबकि कंपनियों पर भारी जुर्माना या दंड लगाया जा सकता है। भले ही नित्तो समूह का किसी सरकार के साथ सीधे तौर पर कोई लेन-देन नहीं हुआ हो, अगर कोई ट्रेडिंग हाउस या एजेंसी जो ग्रुप द्वारा नियुक्त की गई थी, रिश्वतखोरी में लिप्त है, तो नित्तो समूह ने कानून का उल्लंघन किया है ऐसा माना जा सकता है।




यदि आप अपने कार्यस्थल पर किसी भी संभावित उल्लंघन को देखते हैं, तो तुरंत अपने वरिष्ठ अधिकारियों या विभाग के प्रभारी से संपर्क करें। यदि कोई कंपनी दिखाती है कि उसने रिश्वतखोरी को रोकने के लिए उचित उपाय किए हैं, स्वेच्छा से अधिकारियों को इसका उल्लंघन घोषित करती है, अधिकारियों की जांच में पूर्ण सहयोग प्रदान करती है, और समय पर और उचित उपचारात्मक उपाय करती है, तो दंड या जुर्माने में कमी या छूट प्राप्त करना संभव हो सकता है।



# प्रतिस्पर्धा देखभाल

**नित्तो समूह प्रत्येक देश या क्षेत्र के प्रतिस्पर्धा कानूनों, अविश्वास कानूनों का पालन करेगा और मुक्त प्रतिस्पर्धा के आधार पर निष्पक्ष व्यावसायिक गतिविधियों में संलग्न होगा।**

1. हम प्रतिस्पर्धियों के साथ अनावश्यक संपर्क में नहीं आएंगे। जब ऐसा संपर्क करना आवश्यक हो, तो हम इस तरह से कार्य नहीं करेंगे जिससे किसी समझौते या प्रतिस्पर्धियों के साथ मिलीभगत (कार्टेल) का संदेह उत्पन्न हो।
2. हम ऐसा कोई भी कार्य नहीं करेंगे जो प्रतिस्पर्धियों की व्यावसायिक गतिविधियों को अनुपयुक्त रूप से प्रतिबंधित करे।
3. हम ऐसा कोई कार्य नहीं करेंगे जो अन्य कंपनियों के साथ व्यवहार करते समय निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा में बाधा उत्पन्न कर सके।



## विषय

उत्पादों और सेवाओं की कीमतें और बिक्री की शर्तें, ग्राहकों या बाजारों का अलगाव, उत्पादों की उत्पादन माला, या विशिष्ट ग्राहकों या ग्राहकों के साथ व्यवहार, कंपनी की गोपनीय जानकारी, मानव संसाधन और पारिश्रमिक की शर्तें जैसे मामलों से संबंधित चर्चा में शामिल होना या प्रतिस्पर्धियों के साथ समझौता करना प्रतिबंधित है।

किसी ग्राहक को बोलियां जमा करते समय प्रतिस्पर्धियों के साथ बातचीत करना या किसी अन्य तरीके से अनुचित गतिविधियों (जैसे कि मिलीभगत बोली में शामिल होना) को अंजाम देने की बिल्कुल अनुमति नहीं है।आपको न केवल औद्योगिक समूहों की बैठकों में, बल्कि अपने जीवनसाथी, सहचर (आपके साथ रहने वाले लोग), करीबी रिश्तेदारों, दोस्तों के साथ भी लापरवाह व्यावसायिक बातचीत में शामिल नहीं होना चाहिए, जो वर्तमान में कोई प्रतिस्पर्धी कंपनी के अधिकारी या कर्मचारी या कंपनी के ग्राहक हो सकते हैं। इस तरह की गतिविधियां अवैध हो सकती हैं।

इनमें से किसी का भी उल्लंघन करने पर, व्यक्तियों को कारावास और/या जुर्माने का सामना करना पड़ सकता है, जबकि कंपनियों पर भारी जुर्माना या दंड लगाया जा सकता है।



# इष्टतम खरीद


निप्पो समूह "खरीद पर मूलभूत नीति" के आधार पर उचित तरीके से खरीद करेगा।

1. हम खरीद गतिविधियों से संबंधित कानूनों और विनियमों के मुख्य प्रावधानों को सही ढंग से समझेंगे और प्रासंगिक कॉर्पोरेट नियमों का पालन करेंगे। साथ ही, "खरीद कार्रवाई दिशानिर्देश" को समझने और लागू करने से, हम कॉर्पोरेट नैतिकता और समाज के मानदंडों से अलग नहीं होंगे।

2. हम आपूर्तिकर्ताओं का निष्पक्ष मूल्यांकन और चयन करेंगे।

3. हम आपूर्तिकर्ताओं से अनुचित मांग नहीं करेंगे।

4. हम आपूर्तिकर्ताओं से संबंधित जानकारी को उचित रूप से संभालेंगे।








# व्यापार और सुरक्षा

निप्पो समूह प्रत्येक देश या क्षेत्र में व्यापार नियंत्रण से संबंधित सभी कानूनों का पालन करेगा औरऐसे किसी भी व्यापारिक सौदे में भाग नहीं लेगा जो अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा में हस्तक्षेप कर सकता है।

1. हम सीमा शुल्क निकासी प्रक्रियाओं को वैध रूप से अपनाएंगे।

2. हम विदेशी मामलों की स्थिति, आर्थिक प्रतिबंधों, हथियारों में हमारे उत्पादों/सेवाओं के उपयोग की संभावना और अन्य प्रासंगिक संभावित जोखिमों जैसे उत्पादों का निर्यात करते समय संभावित जोखिमों और नियामक परिवर्तनों पर ध्यान से विचार करेंगे।

3. उत्पादों को हथियारों में बदलने से रोकने के लिए, हम निर्यात के समय अंतिम-उद्देश्य और अंतिम-उपयोगकर्ता की जांच करेंगे।



# जानकारी प्रकटीकरण

"प्रकटीकरण पर मूलभूत नीति" के आधार पर, नित्तो समूह समयबद्धता, पारदर्शिता और निष्पक्षता के दृष्टिकोण से जानकारी का खुलासा करेगा।

1. हम केवल अपने निर्णय पर मीडिया या अन्य बाहरी पक्षों की पूछताछ का जवाब नहीं देंगे।

2. हम अधिकृत व्यक्ति का अनुमोदन प्राप्त करने के बाद ही व्यापार से संबंधित जानकारी की उपयुक्त सामग्री को उचित मीडिया को समयबद्ध तरीके से प्रकट करेंगे।

3. हम व्यक्तिगत ब्लॉग या सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर, कंपनी के व्यवसाय से संबंधित ऐसी कोई भी पोस्ट, कोई भी राय जो जनता द्वारा गलत समझी जा सकती है, या सार्वजनिक व्यवस्था और शालीनता के मानकों के खिलाफ जाने वाली किसी भी प्रविष्टि को प्रकाशित नहीं करेंगे।






नित्तो समूह व्यवसाय संचालन दिशानिर्देश

पहला संस्करण प्रकाशन तिथि : सितंबर, 2022
जारीकर्ता : यासुहिरो हायाशी
उपाध्यक्ष
निदेशक, कानूनी और अनुपालन विभाग

Nitto

Innovation for Customers

September 2022, Hindi